संक्षिप्त

मंत्री का कोटपूतली दौरा आज

कोटपूतली। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), वन, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान सरकार संजय शर्मा 24 अगस्त 2025 को कोटपूतली-बहरोड़ के दौरे पर रहेंगे एवं विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम अनुसार शर्मा रविवार को दोपहर 1 कलेक्ट्रेट सभागार में वन एवं पर्यावरण विभाग, कोटपूतली-बहरोड़ जिले की बजट घोषणाओं/पौधारोपण व अन्य योजनाओं तथा विभागीय कार्यकलापों की समीक्षा बैठक लेंगे। साथ ही शर्मा कार्यक्रम अनुसार दोपहर 12 बजे कोटपूतली के दीप मैरिज गार्डन में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में भाग लेंगे एवं सायं 4.30 बजे विधायक तिजारा महंत बालकनाथ के दादाजी के निधन पर शोक संवेदना प्रकट करने ग्राम कोहराना पहुंचेंगे। इनके अलावा केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं सांसद अलवर भूपेंद्र यादव प्रस्तावित कार्यक्रम अनुसार 24 अगस्त को कोटपूतली-बहरोड़ जिले के दौरे पर रहेंगे। यादव दोपहर 12:20 बजे नीमराना के माजरी कलां पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं दोपहर 1:30 बजे माजरी कलां में सीएससी के शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे। साथ ही दोपहर 2:15 बजे बहरोड़ के कोहराना पहुंचेंगे।

फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स की कार्यप्रणाली जानी

कोटपूतली। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण ने किया फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स वैन का निरीक्षण कर फूड जांच और वैन उपकरणों का जायजा लेकर दी जा रही सुविधाओं की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। एडीएम ने बताया कि फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की एक पहल है जिसमें खाद्य पदार्थों की जांच करने वाली मोबाइल इकाइयाँ होती हैं, जो दूध, पानी और तेल जैसे पदार्थों में मिलावट की जांच करती हैं और आम नागरिकों, खाद्य व्यवसायों और खाद्य संचालकों के बीच खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और स्वस्थ खान-पान की आदतों के बारे में जागरूकता फैलाती है। उन्होंने बताया कि यह दूर-दराज और पहुंच से बाहर के इलाकों में भी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निगरानी गतिविधियां करने में मदद करती है। एडीएम ने कहा कि यह एक बहुउद्देशीय वाहन है जो उपकरणों से सुसज्जित है, जैसे मिल्क एनालाइजर, हॉट एयर ओवन, डिजिटल वेइंग स्केल आदि. यह दूर-दराज और पहुंच से बाहर के इलाकों में भी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निगरानी गतिविधियां करने में मदद करती है।

कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन आज

फुलेरा। नगर कांग्रेस कमेटी फुलेरा के तत्वावधान में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को समीपवर्ती आकोदा स्थित लगरिया टीबा पर आयोजित किया जा रहा है। संगठन महामंत्री शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि कार्यकर्ता सम्मेलन में फुलेरा विधायक विद्याधर सिंह चौधरी मुख्य अतिथि रहेंगे और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करेंगे। अब्दुल लतीफ कुरेशी ने बताया कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा, जिसमें कार्यकर्ता सम्मेलन, अल्पाहार, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद, विचार गोष्ठी और सामूहिक सहभोज भी होगा।

रक्तदान शिविर शुरु

भरतपुर (निस)। भरतपुर स्थित विश्व शांति भवन पर प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वावधान में राजयोगिनी ब्र. कु. कविता दीदी के निर्देशन में रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुभाष गर्ग, विधायक, भरतपुर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजयोगिनी ब्र. कु. बबीता दीदी, सह प्रभारी, भरतपुर ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में घनश्याम शर्मा (अतिरिक्त जिला कलेक्टर, भरतपुर), विष्णु सैनी अध्यक्ष, विश्व हिन्दू परिषद, डॉ. मीनाक्षी गुप्ता थी।

आरपीएफ महानिरीक्षक ज्योतिकुमार सतीजा की मौजूदगी में रेलवे सुरक्षा बल थाना व बैरक का निरीक्षण

फुलेरा। फुलेरा रेलवे सुरक्षा बल का सुरक्षा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सुरक्षा सम्मेलन को रेलवे सुरक्षा बल (उत्तर पश्चिम रेलवे) के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ज्योतिकुमार सतीजा तथा वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त जयपुर ओंकार सिंह ने सम्बोधित किया। महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ज्योतिकुमार सतीजा ने रेलवे यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए स्थानीय अधिकारियों व सुरक्षा बल के जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

रेलवे सुरक्षा बल के सुरक्षा सम्मेलन में शिरकत करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (उत्तर पश्चिम रेलवे) के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ज्योतिकुमार सतीजा तथा वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त जयपुर ओंकार सिंह सुबह 10.50 बजे अरावली एक्सप्रेस ट्रेन से फुलेरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां रेलवे फुलेरा सुरक्षा बल थानाधिकारी विक्रम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अधिकारियों का स्वागत किया, उसके बाद रेल परिसर स्थित आरओएच कॉन्फ्रेंस हॉल में सुरक्षा सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। सम्मेलन के बाद महानिरीक्षक सतीजा ने आरपीएफ थाने व बैरक का विस्तृत निरीक्षण किया और थाने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, उसके बाद महिला बैरक में खाने की व्यवस्था की गई। उन्होंने इस अवसर पर मौजूद अधिकारियों को यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए। इस मौके पर फुलेरा आरपीएफ थाना प्रभारी एसआई विक्रमसिंह, एसआई राजेश सिंह, एसआई हरीश कनोडिया, एएसआई रामनाथ मीणा, एएसआईअशोक कुमार जरियाल, हेड कांस्टेबल दीपेंद्र सिंह शेखावत, गौरी शंकर, रविंद्र सिंह, ममता, सरोज भास्कर, सीमा शर्मा, सीताराम, कांस्टेबल महेंद्र पाल सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। निरीक्षण के बाद महानिरीक्षक ज्योति कुमार सतीजा ने आरपीएफ थाना फुलेरा स्टाफ को 5000 हजार रुपए का ग्रुप रिवॉर्ड दिया गया।

फुलेरा में सुरक्षा सम्मेलन को महानिरीक्षक सतीजा ने सम्बोधित किया।

- निरीक्षण के बाद आरपीएफ थाना फुलेरा स्टाफ को 5000 हजार रुपए का ग्रुप रिवॉर्ड दिया गया

सार-समाचार

गणेश मेला महोत्सव शुरु

राजगढ़। कस्बे के गणेश पोल स्थित रिद्धि सिद्धि गणेश मंदिर में ध्वज यात्रा के साथ पांच दिवसीय गणेश मेला महोत्सव का शनिवार को आस्था एवं विश्वास के साथ शुभारंभ हुआ। ध्वजा रैली को अध्यक्ष बसंत गुप्ता एवं स्कूली बच्चों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर संपूर्ण माहौल गणेश भक्ति से ओतप्रोत जय गणेश के नारों से गूंज उठा। उत्साह एवं उल्लास से लवरेज सैकड़ो स्कूली छात्र छात्राओं ने हाथों में ध्वज लेकर प्रमुख बाजारों से रैली निकाली। पंडित अजय शर्मा ने बताया कि पांच दिवसीय गणेश महोत्सव में 25 अगस्त को प्रात: 7:15 बजे रामायण पाठ का शुभारंभ, 26 अगस्त को हवन पूजा, गणेश जी का अभिषेक, 27 अगस्त को भव्य श्रृंगार, भव्य आरती, भव्य झांकियां एवं महा आरती सहित अनेक कार्यक्रम होंगे। गणेश मेला महोत्सव के दौरान आसपास के क्षेत्र में विशेष रंगीन रोशनी एवं सजावट प्रमुख आकर्षण होगी। इस अवसर पर विशाल मेले का आयोजन होगा। इस अवसर पर पंडित अजय शर्मा, राहुल शर्मा सहित अन्य प्रमुख लोग मौजूद रहे।

जलदाय विभाग आत्मनिर्भर के बजाय बीसलपुर पर ही निर्भर

सांभरझील, (निसं)। इस बार मानसून ने खुलकर मेहरबानी दिखाई है। जिन कुओं का जलस्तर पूरी तरह से घट गया था उनका लेवल 40 से 50 फीट ऊपर आ गया है। बारिश से भारी पानी की आवक होने के कारण आसपास के क्षेत्र के कुओं का जिस प्रकार जल स्तर बढ़ा है उसकी वजह से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। ठाम सिवानिया में विभाग के करीब 20 और सांभर क्षेत्र में स्थित करीब 8 सरकारी कुओं में जिस हिसाब से जबरदस्त पानी की मात्रा बढी है वह क्षेत्र के लोगों की प्यास बुझाने के लिए 2 साल से भी अधिक समय तक पर्याप्त है। सूत्र बताते हैं कि यदि 24 घंटे भी पेयजल सप्लाई की जाए तो भी कुओं का जलस्तर अच्छी स्थिति में बना रहेगा। सूत्र बताते हैं कि निवर्तमान अशोक गहलोत की सरकार के कार्यकाल के दौरान करीब 4 साल पहले इन कुओं की स्थिति को बेहतर बनाने व पानी के लिए बल्लियां व अन्य कार्य के लिए करीब 50 लाख रुपए मंजूर किए गए थे, उस दौरान कितना काम हुआ यह तो विभाग ही जाने लेकिन इतना जरूर है कि जिस काम के लिए सरकारी धनराशि मंजूर की थी।

बैठक आयोजित

कोटपूतली। जिला कलक्टर के निर्देशानुसार वित्तीय समावेशन योजनाओं में शत-प्रतिशत संतृप्ति व पुन: सत्यापन के 90 दिवसीय कैंपेन के लिए बीएलबीसी बैठक का आयोजन सभी ब्लॉक में 20 से 22 अगस्त को किया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक मोहन लाल मीना ने बताया कि बैठक का आयोजन प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत नये बचत खाते खोलने के साथ-साथ प्रधानमंत्री जनधन योजना में पूर्व मे खुलें समस्त निष्क्रिय खातों को री केवाईसी के माध्यम से पुन: सत्यापन करके एक्टिवेट /संचालित करने, पीएमएसवीवाई, पीएमजेजेबीवाई और एपीवाई सहित अन्य वित्तीय समावेशन योजनाओं में वंचित व पात्र खाताधारकों का इनरोलमेंट अभियान 1 जुलाई से 30 सितंबर में आशानुरूप प्रगति लाने के लिए किया गया।

राज्य निर्वाचन आयोग निगम चुनाव के लिए तैयारी

शाहपुरा। पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों के चुनावों की तैयारी कर रहे जनप्रतिनिधियों के लिए खुशखबरी है। हाई कोर्ट के निर्णय के प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों के चुनाव के इंतजार की घड़ियां जल्दी ही खत्म होने वाली है। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने भी तैयारी कर ली है और शुक्रवार को मतदाता सूचियों को लेकर विस्तृत दिशा निर्देश जारी कर दिए है। सब कुछ ठीक रहा तो राज्य निर्वाचन आयोग अगले सप्ताह तक चुनाव का कार्यक्रम भी जारी कर सकता है। इस साल जनवरी में ही प्रदेश की अधिकांश ठाम पंचायतों, पंचायत समितियों एवं नगरीय निकायों का।पांच साल का कार्यकाल पूरा हो चुका था। राज्य सरकार की ओर से परिसीमन की प्रक्रिया शुरू किए जाने के कारण इन संस्थाओं का कार्यकाल पूरा हो जाने के बावजूद इनमें प्रशासक नियुक्त किए थे लेकिन परिसीमन एवं पुर्नगठन का काम समय पर पूरा नही होने के कारण इनके चुनाव में छ: से भी ज्यादा की देरी हो गई है। 18 अगस्त को आए हाई कोर्ट के फैसले से प्रदेश में पंचायतों के चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग भी सक्रिय हो गया है। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग छ: महिनों में चुनाव करवाए। इसलिए अब सरकार और निर्वाचन आयोग को जल्दी ही चुनाव भी करवाने होंगे लेकिन राज्य सरकार ने पिछले बजट में वन स्टेट वन इलेक्शन का फॉर्मूला लागू करने का निर्णय भी पूरा होता दिखाई नही दे रहा है। संविधान के अनुच्छेद 243(ई) में स्पष्ट प्रावधान है कि पंचायतीराज संस्थाओ का कार्यकाल पांच साल का होगा और अधिकतम छ:महीने तक बढाया जा सकता है तथा अनुच्छेद 243 (यू) में नगरीय निकायों का कार्यकाल भी पांच साल निर्धारित किया गया है। प्रदेश में बार बार चुनावों को लेकर लगने वाली आचार संहिता के कारण राज्य सरकार ने वन स्टेट वन इलेक्शन लागू करने की बात कही थी लेकिन मौजूदा हालात में वन स्टेट वन इलेक्शन की तर्ज पर चुनाव करवाया जाना संभव नही लग रहा है क्योंकि प्रदेश में कई ठाम पंचायत ऐसी है जिनका कार्यकाल इस साल जनवरी में ही पूरा हो गया और कई ठाम पंचायतों का कार्यकाल अगले साल अक्टूबर में पूरा होगा। सरकार ने भी कानून में कोई प्रावधान नही किया गया है। जिससे वन स्टेट वन इलेक्शन करवाया जाना संभव हो सके। हाई कोर्ट जयपुर के एडवोकेट एवं प्रदेश कांठोस कमेटी के प्रवक्ता संदीप कलवानिया ने बताया कि वर्ष 2022 में सुरेश महाजन बनाम मध्यप्रदेश एवं अन्य के मामलें तथा 11 नवंबर 2024 को स्टेट ऑफ पंजाब बनाम बेअंत कुमार एवं अन्य के मामलें में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पुर्नगठन एवं परिसीमन के नाम पर पंचायतों के चुनाव नही टाले जा सकते है।

- मतदाता सूचियों को लेकर विस्तृत दिशा निर्देश जारी कर दिए है।

वाटर कूलर लगाया

भरतपुर (निस)। अलायंस क्लब भरतपुर प्रान्त 120एन भरतपुर द्वारा धौरमुई पेट्रोल पम्प पर वाटर कूलर लगाया गया।

शराब गोदाम पर आगजनी के मामले में तीन माह से फरार चल रहा अभियुक्त गिरफ्तार

कोटपूतली। निकटवर्ती ग्राम खरकडी मोड़ स्थित शराब गोदाम पर विगत 24 व 25 मई की मध्य रात्रि को हुई आगजनी के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त नितिन उर्फ नाजिम को स्थानीय थाना पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। एसएचओ राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत 25 मई को ग्रवम पनियाला निवासी धर्मपाल गुर्जर ने दर्ज करवाया था कि खरकडी मोड स्थित शराब गोदाम पर पीडित व उसका साथी रंगलाल देखरेख का कार्य करते है। 24 मई की रात्रि को 11.30 बजे गोदाम में रंगलाल सो रहा था। तभी ठाम गोपालपुरा निवासी नाजिम पुत्र श्योनारायण व धन्ना समेत तीन - चार लोग आये एवं 50 हजार रूपयों की फिरौती की मांग करते हुये गंदी गालियां बकने लगे। मना करने पर गोदाम में आग लगा दी, जिससे रंगलाल का चेहरा झुलस गया। जिसकी बड़ी मुश्किल से जान बचाई, इसके बाद वे रूपये तैयार रखने की बात कहकर दुबारा आने की धमकी देकर चले गये। इसके बाद रात्रि करीब 12.40 बजे बोलेरा गाड़ी में आकर दो-तीन राउंड फायर कर पुलिस में मुकदमा दर्ज करवाने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी देकर चले गये। इसके अलावा विगत 22 मई को ठाम टापरी निवासी राजेश गुर्जर जो कि बहरोड़ स्थित एक निजी बैंक में लोन रिकवरी एजेंट का कार्य करता हैं। उक्त पीडित राजेश गुर्जर ठाम गोपालपुरा में अपने साथी बाला का नांगल निवासी महेश गुर्जर के साथ बाईक पर सवार होकर प्रीतम पुत्र ओमप्रकाश वाल्मिकी के घर लोन की किश्त वसूलने के लिये गया था। जहां उसका भाई धन्ना मौजूद था। प्रीतम के बारे में पुछने पर वह गुस्से में आकर कहने लगा कि तुम कौन होते हो हमारे घर आकर रूपये मांगने वाले। इसी दौरान मारपीट पर आमदा हो गया। दोनों व्यक्ति जब वापस जाने लगे तो धन्ना वाल्मिकी ने बैंककर्मी राजेश गुर्जर पर फायरिंग कर दी। एसएचओ राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि उक्त अभियुक्त धन्ना वाल्मिकी को हथियार नितिन उर्फ नाजिम के द्वारा ही उपलब्ध करवाया गया था। पुलिस ने दोनों ही प्रकरणों में फरार चल रहे अभियुक्त नितिन उर्फ नाजिम (28) पुत्र श्योनारायण गुर्जर निवासी ठाम गोपालपुरा, कोटपूतली को गिरफ्तार कर लिया। आर्म्स एक्ट के प्रकरण में ही पुलिस द्वारा उसे पृथक से गिरफ्तार किया गया हैं। उक्त अभियुक्त नितिन उर्फ नाजिम हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। जिस पर कोटपूतली, पनियाला, हरियाणा के नारनौल समेत अन्य थानों में गंभीर वारदात के करीब 15 प्रकरण दर्ज हैं।

कोटपूतली समेत आसपास के थानों में हिस्ट्रीशीटर अपराधी नितिन उर्फ नाजिम पर एक दर्जन से ज्यादा प्रकरण दर्ज हैं।

- खरकडी मोड स्थित शराब गोदाम पर गत 24 व 25 मई की मध्य रात्रि को की थी आगजनी

कृत्रिम अंग उपकरण चिन्हिकरण शिविर 10 को

फुलेरा। राज्य सरकार की बजट घोषणा एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना तथा एडीप योजना के अन्तर्गत सक्षम जयपुर अभियान का आयोजन फुलेरा नगर पालिका परिसर में 10 सितम्बर को किया जायेगा। पालिका ईओ सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि शिविर में 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता से ग्रसित विशेष योग्यजनों को उनकी आवश्यकता एवं पात्रता अनुसार कृत्रिम अंग / सहायक उपकरण (ट्राई साईकिल, व्हीलचेयर, कैलिपर, वॉकिंग स्टीक, कमर की बेल्ट, सवाईकल कॉलर, बैशाखी, वॉकर, ट्राईपोड, श्रवण यंत्र, कृत्रिम डेन्चर और चश्में) एवं अन्य उपकरण करवाने के लिए नगर पालिका परिसर में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 60 वर्ष या अधिक उम्र के वृद्धजन हेतु आवश्यक दस्तावेज पेंशन स्वीकृति आदेश की स्वप्रमाणित प्रति या 15000/-मासिक से अनधिक का आय प्रमाण पत्र फोटोयुक्त पहचान पत्र, आधार कार्ड एवं बोटर आईडी या राशनकार्ड विशेष योग्यजन हेतु आवश्यक दस्तावेज 40 प्रतिशत या अधिक का डिजिटल दिव्यांग प्रमाण पत्र/यूडीआईडी कार्ड फोटोयुक्त पहचान पत्र, आधार कार्ड या वोटर आईडी आय प्रमाण पत्र/पेंशन स्वीकृति आदेश की कापी आवश्यक है।

कलेक्टर ने बारिश के हालातों का जायजा लिया

टोंक जिले में हुई भारी बारिश के बीच कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने उपखंड टोंक, निवाई और उनियारा का दौरा किया।

टोंक। जिले में हुई भारी बारिश के बीच शनिवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने उपखंड टोंक, निवाई और उनियारा का दौरा कर जल भराव क्षेत्रों में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया। साथ ही ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को जलमग्न क्षेत्र में फंसे लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर एवं एसपी ने निवाई उपखंड के ग्राम वनस्थली में भारी बारिश के कारण जलमग्न हुए घरों एवं आम रास्तों का जेसीबी में बैठकर जायजा लिया, उन्होंने निवाई उपखंड अधिकारी रामकरण सिंह को एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीम की मदद से लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के निर्देश दिए।

साथ ही उनके लिए चाय, बच्चों के लिए दूध,पीने के पानी और भोजन की व्यवस्था कर राहत पहुंचाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान लोगों ने जिला कलेक्टर से उनके घरों के सामान खराब होने के बारे में बताया।

- राहत एवं बचाव कार्यो की मॉनिटरिंग

अग्रसेन जयंती महोत्सव की तैयारी

कोटपूतली। कस्बे के अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज समिति की बैठक अध्यक्ष एड. योगेश शरण बंसल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव पर होने वाले साप्ताहिक विभिन्न कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई एवं कार्यक्रमों के स्वरूप को अंतिम रूप दिया गया। मीडिया प्रभारी हेमंत मोरीजावाला ने बताया की 17 से 20 सितंबर तक चार दिवसीय कार्यक्रम व प्रतियोगितायें महिला मंडल के द्वारा अग्रसेन भवन में आयोजित की जायेगी। जिसमें 17 सितम्बर को रंगोली व पोस्टर मेकिंग (13 से 18 वर्ष के बालक बालिकाओं के लिये) व नॉन फायर कुकिंग (10 से 18 वर्ष के बालक बालिकाओं के लिये), 18 सितम्बर को फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता (02 से 05 व 06 से 10 वर्ष के बालक बालिकाओं) व डांस कंम्पीटिशन (05 से 11 व 12 से 18 वर्ष के बालक बालिकाओं) एवं एक मिनट गेम (06 से 12 वर्ष के बच्चों के लिये) 19 सितम्बर को एक मिनट गेम, म्यूजिकल चेयर (18 वर्ष से अधिक) अनुपयोगी सामान से उपयोगी सामान वस्तु बनाना (10 से 15 वर्ष के बच्चों के लिये) फैंसी पैकिंग (13 वर्ष से अधिक महिलाओं व बालिकाओं के लिये) निबंध प्रतियोगिता (06 से 12 वर्ष के बच्चों के लिये) 20 सितम्बर को भव्य अठा मेला, डांडिया (18 वर्ष से अधिक की महिलाओं के लिये) व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता होगी। 21 सितम्बर को समाज का वार्षिक अधिवेशन व प्रतिभा सम्मान समारोह होगा एवं श्री अग्रसेन जयंती की पूर्व संध्या पर सायं 07:15 बजे से एक शाम (महाराज श्री अग्रसेन जी के नाम) नृत्यमयी व संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल समाज समिति द्वारा अठासेन तिराहा पर किया जायेगा। 22 सितम्बर को श्री अग्रसेन जी महाराज की विशाल शोभायात्रा श्री अग्रसेन भवन से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई अग्रसेन मंदिर अग्रसेन कटला में पहुंचेगी, जहां महाआरती होगी। इसके उपरांत शोभायात्रा आजाद चौक होते हुए अग्रसेन तिराहा पर पहुंचेगी, जहां भव्य आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जायेगा तथा श्री अग्रसेन महाराज की आरती की जायेगी।

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-6516 दिनांक-21/08/2025

जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 76/295 (MIG-A), (एरिया 72.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री हरकेस सिंहगौत पुत्र श्री पूरण चन्द्र गौत को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1683 दिनांक 14.05.2013 एवं सशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 9685 दिनांक 04.12.2014 को जारी किया गया। श्री हरकेस सिंहगौत द्वारा श्री दिनेश मित्तल पुत्र श्री प्रेमचन्द मित्तल को दिनांक 11.02.2015 को मुख्त्यारनामा आम दाखिल किया गया। श्री दिनेश मित्तल के द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से श्री हरकेस सिंहगौत के पक्ष में पंजीयन प्रपत्र उप पंजीयक, सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहाँ दिनांक 15.05.2015 को पंजीकृत करवाये गये। श्री दिनेश मित्तल द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 01.06.2015 के द्वारा श्री कैलाश गुप्ता पुत्र स्व. श्री भगवान सहाय को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर-द्वितीय, जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। अत: उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री कैलाश गुप्ता पुत्र स्व. श्री भगवान सहाय का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

सार्वजनिक सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांक- अवि0/जा/जोन-13/2025 राजाज-65989/डी-1897 दि. 22.08.2025
आवेदक श्री प्रभूदयाल पुत्र गणेश लाल मीणा, जरिये मुख्त्यारआम सुनील कुमार ठोलिया पुत्र श्री नीम कुमार ठोलिया, निवास- प्लॉट नं. एस-1, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर द्वारा राजस्व ग्राम बिलपुर, तहसील आमेर के खसरा नम्बर 733, 734, 736/932, 803, 818/952, 820/951 कुल किता 6 कुल रकबा 2.15 हैक्टेयर 90ए सुदा भूमि पर फार्म हाउस प्रयोजनार्थ एकल पट्टा मानचित्र अनुमोदन करने हेतु आवेदन किया गया है। जिसके क्रम में प्राधिकरण की बी.पी.सी. (एल.पी.) समिति की 394वीं बैठक दिनांक 06.05.2025 में अधिसूचना दिनांक 10.08.2020 की पालना में आवेदित भूमि के लगते हुए सड़क का मार्गाधिकार जो कि जयपुर से चन्दवाजी हाईवे से ग्राम बीलपुर को जोडती है को 18 मीटर कायम किये जाने का निर्णय लिया गया है। यदि उक्त निर्णय पर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन के 10 दिवस की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय जोन-13, जयपुर में अपने दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त कालावधि में आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं होने पर नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। सूचित रहे। यह विज्ञप्ति आज दिनांक 22.08.25 को जारी की गई है। जयायुक्त जोन-13, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/535 चूंकि प्रार्थी श्री AMIT SHARMA, DEVIPURA BALAJI MANDIR KE PASS, SIKAR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास रामायण विहार संस्थान, PINKCITY COLLEGE OF NURSING, NEAR PAL WALE BALAJI, DHAKA NAGAR, SIRSI ROAD, JAIPUR, RAJASTHAN-302041 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 19.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 28.10.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

खोया पाया
प्लॉट नंबर 14 रत्न सागर ग्राम बलरामपुर उर्फ खेजड़ो का बास तहसील सांगानेर का मूल जेडीए पट्टा ,मूल विक्रय पत्र दिनांक 8 2.2019 , मूल विक्रय पत्र दिनांक 16.6 2022 रूप रजतडेवलपर्स एलएलपी जरिए पार्टनर अशोक कुमार जैन के नाम से एसएमएस हॉस्पिटल के पास गिर गए है मिलने पर सूचित करें अशोक कुमार जैन मोबाइल नंबर 91164 699 99

मेरे भूखण्ड सं- 67 जे.डी.ए. की योजना डेरी फार्म सूरजपूरा भट्टावाला जयपुर का जे.डी.ए. से जारी मूल आवंटन-पत्र कही गुम हो गया है सूचित करेः जगदीश चौधरी मो-9829281824

नाम परिवर्तन
मैंने मेरा नाम हिना अलीम (Hina Aleem) पत्नी नईमुद्दीन से बदलकर हिना नईम (Henna Naim) रख लिया है भविष्य में मुझे हिना नईम (Henna Naim) के नाम से जाना जावे। पता-755 कैप्टन फेज मोहम्मद की गली, बिसातियों का मोहल्ला, रामगंज, जयपुर

मैंने अपना नाम वैभव गुप्ता से बदलकर वैभव कुमार गुप्ता रख दिया है भविष्य में मुझे वैभव कुमार गुप्ता के नाम से जाना जावे। उपरोक्त दोनों नाम मेरे स्वयं के ही है। A-36 मालवीय नगर जयपुर

I Mithun Sharma S/o Mr. Ravi Kumar Sharma resident of Ravi Vilas, Harbaksh Mohalla, Alwar, Rajasthan that I have changed my name from Mithun Kumar Sharma to Mithun Sharma. In future called me my name Mithun Sharma for all purposes

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 03/25
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम सत्यनारायण शर्मा पुत्र चांदमल शर्मा जाति ब्राह्मण
विवाद स्थान ग्राम-देवथला, पुलिस थाना गोविन्दगढ, तह. चौमू
मृतक तीजा देवी की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 27.08.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम तीजा देवी पत्नि स्व.श्री चांदमल शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी देवथला तह. चौमू का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 27 माह 08 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक... माह... सन्... को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से-अपर जिला न्य